# साहित्य अकादमी ने रमाकांत रथ के निधन पर किया शोक व्यक्त

जासं, नई दिल्ली : ओडिशा के प्रख्यात कवि और साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत रथ के निधन पर साहित्य अकादमी के पदाधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए सोमवार दोपहर के बाद सभी अकादमी कार्यालय को बंद करने की घोषणा की है। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने कहा कि कवि रमाकांत रथ ओडिशा कविता में विशिष्ट स्थान रखने के साथ ही आधुनिकतावादी और दार्शनिक दृष्टिकोण के लिए जाने जाते थे। साहित्य में योगदान देने के अलावा रथ ने ओडिशा के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका निधन बहुत बड़ी क्षति है।



कवि रमाकांत रथ